epaper हिन्दुस्तान

# आगाज:नई उड़ानों से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार: योगी

28/03/2022

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के अलग-अलग छह शहरों से सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार से सिर्फ आवागमन ही सुगम नहीं हुआ है बल्कि इससे पर्यटन और रोजगार की संभावनाओं को भी पंख लगे हैं।



• गोरखपुर व वाराणसी के बीच सीधी विमान सेवा शुरू• 75 गंतव्यों के लिए अब यूपी से सीधी उड़ान सुविधा

वाराणसी-गोरखपुर उड़ान के शुभारंभ समारोह में वर्चुअली जुड़े मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में आज नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं जबकि पांच वर्ष पूर्व तक यह संख्या महज चार थी। पहले इन एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों के लिए हवाई यात्रा की सुविधा थी जबकि आज 75 गंतव्यों की यात्रा की जा सकती है। चित्रकूट, सोनभद्र, श्रावस्ती में एयरपोर्ट बनने की बात हो या कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होना, ये सभी कार्य यूपी के विकास की नई कहानी को कहते हैं। **यूपी में अपार संभावनाएं**